# सांसद ने की गांजिया बराज की मुडाकाटी नहर का निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सांसद विद्युत वरण महतो ने नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात कर स्वर्णरेखा परियोजना अंतर्गत मुराकाटी शाखा नहर के निर्माण कार्य को प्रारंभ करने का अनुरोध किया। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार के जल संसाधन विभाग के अभियंताओं ने दिनांक 17 मई 2023 को एक बैठक कर खरखई दायी नहर मुख्य नहर से निकलने वाले मुराकाटी शाखा नहर का निर्माण कार्य को बंद करने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि गांजिया बराज के निर्माण पर 500 रुपये करोड़ खर्च हुआ है। जबकि खरखई मुख्य दायी नहर के निर्माण पर 600 रूपये करोड़ खर्च हो चुका है। परंतु मुराकाटी नहर का निर्माण नहीं होने से 74 गांव के किसान सिंचाई सुविधा से वंचित है। सांसद श्री महतो ने कहा कि इस नहर पर पूर्वी सिंहभूम जिला के मुसाबनी, डुमरिया ,जादूगोड़ा ,पोटका सहित बड़े क्षेत्र के हजारों किसान सिंचाई की सुविधा से वंचित हो जाएंगे। इस शाखा नहर का निर्माण कार्य को सुसुप्त अवस्था में रखना ना राज्यहित में है ना देशहित में है। सांसद श्री महतो ने कहा इस योजना की पूरी राशि केंद्र सरकार के द्वारा वित्त पोषित है साथ ही राज्य सरकार द्वारा केंद्र की स्वीति प्राप्त होने के बावजूद स्वीत योजना में परिवर्तन करना उनके क्षेत्राधिकार से बाहर है साथ ही यह पूरी तरह राजनीति से प्रेरित है। सांसद श्री महतो ने जल शक्ति मंत्री से कहा कि राज्य सरकार द्वारा दिनांक 17 मई 2023 को विभागीय निविदा समिति द्वारा लिए गए निर्णय को रद्द कर इस योजना का कार्य तुरंत सुनिश्चित कराया जाए। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने बातों को गंभीरता पूर्वक सुना एवं कहा कि पूरी योजना को को फिर से पुनर्जीवित किया जाएगा एवं किसानों के हितों के साथ किसी प्रकार की समझौता नहीं की जाएगी। श्री शेखावत ने यह भी कहा कि इस संबंध में वे पदाधिकारियों को निर्देश दे रहे हैं कि राज्य सरकार के पदाधिकारियों को इस संबंध में समुचित कार्यवाही करने को कहें ताकि मुराकाटी नहर का निर्माण कार्य का मार्ग प्रशस्त हो सके।

# जल सहियाओं को 50 माह से नहीं मिला मानदेय

## जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर भुगतान की मांग की



डीसी ऑफिस के सामने नीतू सिंह के नेतृत्व में धरना -प्रदर्शन करती जल सहिया।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में कार्यरत करीब 2300 जलसहिया को विगत 50 माह से मानदेय एवं प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया गया है। इससे उन्हें फील्ड वर्क करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में बकाया मानदेय राशि के भुगतान की मांग को लेकर झारखंड राज्य जलसहिया संघ की जिला अध्यक्ष नीतू सिंह के नेतृत्व में आज जल सहिया बहनों ने जिला मुख्यालय पर जोरदार धरना प्रदर्शन किया।

चिलचिलाती धूप में धरना के पश्चात 6 सूत्री मांग पत्र उपायुक्त की उपस्थिति में उनके प्रतिनिधि को जिला अध्यक्ष नीतू सिंह ने सौंपा। मांग पत्र में पूर्व सरकार द्वारा दिए जा रहे 1000 रुपये के मासिक मानदेय बकाया के साथ भुगतान करने की मांग की गई।

साथ ही निर्वाचन के पूर्व घोषित न्यूनतम मजदूरी के आधार पर मासिक मानदेय भुगतान करने की मांग की गई।

जल सहिया के कार्यकाल में मृत्यु होने पर उनके आश्रित को अनुकंपा का लाभ एवं 20 लाख रुपए का बीमा भुगतान का प्रावधान करने की मांग की गई। साथ ही विभाग के रिक्तपदों पर वरीयता एवं योग्यता के आधार पर नियुक्ति में प्राथमिकता देने एवं 65 वर्ष तक सेवाकाल का प्रावधान करने की भी मांग की गई है।

मांग पत्र सौंपते हुए नीतू सिंह ने कहा कि जल सहिया को ठेकेदारों का कार्य न देकर जलसहिया को जल स्वच्छता संबंधी कार्य देने की आवश्यकता है। अंत में बकाया प्रोत्साहन राशि एवं शौचालय निर्माण कार्य का प्रोत्साहन राशि का भुगतान जल्द से जल्द करने की मांग की गई।

धरना प्रदर्शन के दौरान जिला सचिव तुलसी माझी और जिला कोषाध्यक्ष कमला शर्मा समेत सैकड़ों जल सहिया उपस्थित थीं।

# टेल्को गुरुद्वारा के सेवादार लखविंदर सिंह नहीं रहे

## एक जून को शहर आएगा पार्थिव शरीर



स्व. लखबिंदर सिंह का फाइल फोटो।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टेल्को गुरुद्वारा जोड़ाघर के सेवादार सरदार लखविंदर सिंह नहीं रहे और सोमवार को उनका निधन उत्तराखंड के हेमकुंड साहिब में हो गया और उनका पार्थिव शरीर एक जून को जमशेदपुर में सड़क मार्ग से लाया जाएगा और उसी दिन अंतिम संस्कार किया जाएगा। टेल्को रोड नंबर दो निवासी 61 वर्षीय लखविंदर सिंह की पहचान जोड़ा घर (जूत्ते संभालने) के सेवादार के तौर पर बनी हुई है और अपने बालपन से ही इस सेवा को निभा रहे थे। टेल्को गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व प्रधान एवं सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चेयरमैन सरदार गुरमीत सिंह ने बताया कि अपने संगी साथियों रिश्तेदारों के साथ लखविंदर सिंह हेमकुंड साहिब के दर्शन को गए थे। सोमवार की सुबह वे गोविंद धाम से हेमकुंड साहिब के लिए बग्घी पर रवाना हुए और जब वहां पहुंचे तो उनके देह में प्राण नहीं थे। चिकित्सकों की राय में खराब मौसम और अक्सीजन की कमी के कारण ही उनका निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर सोमवार को ही गोविंदधाम पहुंचा दिया गया है और कल पोस्टमार्टम ऋषिकेश में होने के बाद एंबुलेंस द्वारा जमशेदपुर भेजा जाएगा।

## खड़गाझार मार्केट के अनु ज्वेलर्स में चोरी कांड का खुलासा

**जमशेदपुर।** खडंगाझार बाजार मार्केट,टेल्को स्थित अनु ज्वेलर्स में पिछले दिनों हुई चोरी के मामले में जमशेदपुर पुलिस ने दो नाबालिगों समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में दो नाबालिग के साथ 22 वर्षीय अरुण कर्मकार और 19 वर्षीय लादेन कर्मकार भी शामिल हैं।

## भव्य संगीत संध्या संपन्न

**जमशेदपुर।** झारखंड बंगभाषी समन्वय समिति के तत्वाधान में रविवार को संस्था की 22 वी वर्षगांठ के उपलक्ष पर ''भव्य संगीत संध्या'' का आयोजन साकची रविंद्र भवन प्रेक्षागृह में दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जमशेदपुर टैगोर सोसाइटी के महासचिव आशीष चौधरी व विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवीका दोलन डे व जिला परिषद सदस्य पूर्णिमा मलिक उपस्थित थी।

# सीएचसी के लिए जमीन देने वाले 6 रैयतों को मिला नियुक्ति पत्र



एक रैयत को नियुक्ति पत्र सौंपते विधायक मंगल व सिविल सर्जन डा जुझार मांझी।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी), माचा, पटमदा निर्माण स्थल में भूमि से संबंधी रैयतों को आज आउटसोर्सिंग पर बहाली हेतु नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। उपायुक्त (डीसी) श्रीमती विजया जाधव के आदेशानुसार आयोजित ग्राम सभा में विधायक जुगसलाई श्री मंगल कालिन्दी, सिविल सर्जन डा जुझार माझी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी डा. रजनीकांत मिश्रा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, सीओ श्री चंद्रशेखर तिवारी व बीडीओ अरविंद बेदिया, सीएचसी प्रभारी डा क्रिस्टोफर बेसरा, डा सोमेन दत्त तथा प्रखंड प्रमुख बालिका सोरेन एवं मुखिया तथा पंचायत समिति सदस्य ग्राम पंचायत बिडरा एवं ग्रामीण मौजूद रहे। डीसी के प्रतिनिधि के तौर पर मौजूद सिविल सर्जन ने ग्रामीणों को प्रशासन की भावनाओं से अवगत कराया।

# यूनाइटेड ग्रुप ऑफ कंपनी का वार्षिकोत्सव संपन्न

## कर्मचारियों ने लिया सुरक्षित ढंग से काम करने का संकल्प



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** रामगढ़िया समाज में गत 27 मई को यूनाइटेड ग्रुप अफ कंपनीज, यूनाइटेड एयर एक्सप्रेस एवं मेसर्स यूनाइटेड इंफ्राकोर लिमिटेड का वार्षिक उत्सव समारोह आयोजित किया गया। समारोह में कंपनी के कर्मचारी और प्रबंधन सपरिवार उपस्थित हुए। कंपनी के चेयरमैन दिनेश सोंथालिया एवं प्रबंध निदेशक किशन सोंथालिया की मेजबानी में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी व जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रुप में टाटा स्टील आई ब्लास्ट फर्नेस के चीफ जी एस मूर्ति ,सेफ्टी हेड संजय मिश्रा,रॉ मैटेरियल मैनेजमेंट के हेड शशि शंकर समेत टाटा स्टील के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों के लिए तरह-तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जो सुरक्षित कार्य प्रणाली पर आधारित थे। प्रतियोगिता के विजई प्रतियोगियों को समारोह में पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कंपनी के कर्मचारियों और प्रबंधन ने पर्यावरण को बचाने एवं पूर्ण सुरक्षा के साथ कामकाज करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर आने वाले सभी मेहमानों को पौधा देकर सम्मानित किया गया।

## मानसून में पौधरोपण अभियान चलायेगी समाधान संस्था

# बैठक में आगामी कार्य योजनाओं पर हुई चर्चा, बनाई गई रणनीति



बैठक में उपस्थित लोग।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था समाधान की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को ट्यूब मेकर्स क्लब के समुद्र कंफ्रेंस हल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समाधान की अध्यक्ष पूनम विग ने किया। इस दौरान संस्था के भावी कार्ययोजनाओं एवं उनके क्रियांवयन के आशय में विस्तृत चर्चाएं हुई। तय हुआ की पर्यावरण दिवस के मौके पर समाधान संस्था वृक्षारोपण करेगी और यह मुहिम मनसून में नियमित रूप से संचालित की जायेगी, साथ ही पलिथीन से लोगो और दुकानदारों को दूर करने के उद्देश्य से शहर के सब्जी बाजारों में जागरूकता अभियान चलाया जायेगा और इन क्षेत्रों में कपड़ा से बना थैला भी वितरित किया जायेगा संस्था द्वारा जल संकटग्रस्त बागबेड़ा, घाघीडीह, कीताडीह, जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में टैंकर द्वारा की जा रही जलापूर्ति सेवा पर उत्पन्न व्यय के आशय में चर्चा हुई। साथ ही इस अभियान में उल्लेखनीय सहयोग देने के लिए संस्था की बीना खिरवाल, पूनम साहू, पूनम विग, कुलजीत सदाना, किरण साव, अमिता महेंद्रु, सुनीता सचदेव का अभिनंदन हुआ। संस्था द्वारा तय हुआ की पटमदा की एक सरकारी विद्यालय की मेधावी छात्राओं को स्वालंबी बनाने निमित्त उन्हें पांच सिलाई मशीन मुहैया कराई जायेगी। वहीं समाधान संस्था की सबसे प्रमुख आयोजन 'सामूहिक शुभ विवाह' को पुनः आयोजित करने को लेकर भी चर्चाएं हुई। मालूम हो की कोरोना महामारी के कारण वर्ष 2020 से सामूहिक विवाह आयोजन स्थगित की गई थी। सदस्यों ने सर्वसम्मति से सभी प्रस्तावों पर गहन विमर्श के बाद सहमति जताई। बैठक का आयोजन समाधान के रमेश खंडेलवाल के संयोजन में हुई। धन्यवाद ज्ञापन अमिता महेंद्र ने किया। इस दौरान विशेष रूप से समाधान के मुख्य संरक्षक दिनेश कुमार, अध्यक्ष पूनम विग सहित कुलजीत सदाना, अमरजीत सिंह राजा, अंकित आनंद, अमिता महेंद्रु, सुनीता सचदेव, कमलेश विभार, अनीता विभार मौजूद रहें।

## जीवन जीने का नया अंदाज कार्यक्रम का आयोजन 11 जून को

**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था नारायण रेकी सत्संग परिवार टाटानगर की ओर से जीवन जीने का नया अंदाज कार्यक्रम का आयोजन 11 जून रविवार को लोयला स्कूल के फेसी अडिटोरियम में होगा। इस आयोजन की मुख्य वक्ता विश्व प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर रेकी ग्रैंड मास्टर नारी रत्न राजेश्वरी मोदी (राज दीदी) है। इसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस संबंध में संस्था की टाटानगर सेंटर हेड उमा अग्रवाल सुल्तानिया एवं उनकी मुख्य सहयोगी प्रीति अग्रवाल सुल्तानिया ने संयुक्त रूप से सोमवार को प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर बताया कि 11 जून रविवार को सुबह 1030 से दोपहर 130 बजे तक शहरवासी राज दीदी की पावन वाणी सुनेंगे। यह कार्यक्रम महिलाओं एवं पुरूषों दोनों के लिए है। जिससे उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन होंगे। 15 साल से बड़े सभी लोग इस कार्यक्रम में आ सकते हैं।

# मध्यस्थता के जरिए लंबित मामलों का निष्पादन करना लाभप्रद : अनिल

## प्रधान जिला न्यायाधीश ने रवाना किया मन का मिलन पखवाड़ा जागरुकता रथ



मिलन पखवाड़ा रथ रवाना करते प्रधान जिला न्यायाधीश।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मन का मिलन पखवाड़ा कार्यक्रम के अवसर पर जिला व सत्र न्यायाधीश माननीय अनिल कुमार मिश्रा ने सोमवार को मोबाईल जागरुकता वैन को न्यायालय परिसर से रवाना किया और लोगों से अपील करते हुए कहा कि मन का मिलन पखवाड़ा में आकर मध्यस्थता द्वारा अपने लंबित मामलों का निष्पादन कर सकते हैं।

इससे समय और पैसा दोनों की बचत होगी। वहीं डालसा सचिव नितीश निलेश सांगा ने कहा कि पूरे जिले में 29 मई से लगातार 14 जून 2023 तक मन का मिलन पखवाड़ा कार्यक्रम चलेगा। इस अवधि में डालसा कार्यालय सहित फ्रंट अफिस, जिले के सभी लीगल एड क्लीनिक में मध्यस्थता के बारे मे लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक विवाद को समझौता द्वारा सुलझा कर कोर्ट में लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन किया जा सके। उन्होने कहा कि मोबाईल वैन द्वारा भी जगह जगह सघन रुप से जागरुकता अभियान चलाकर पीड़ित व जरूरतमंद लोगों को कानून के प्रति जागरूक करने का काम किया जा रहा है। 29 मई सोमवार के दिन मन का मिलन पखवाड़ा कार्यक्रम के प्रथम दिन न्याय सदन भवन, फ्रंट अफिस, मिडिएशन हल, रिसेपशन, व्यवहार न्यायालय परिसर आदि जगहों में लोगों के बीच पंपलेट बाटकर मध्यस्थता के बारे में जानकारी दी गई और मन का मिलन पखवाड़ा कार्यक्रम के बारे में भी विस्तार से बताया गया और लोगों से इसका लाभ उठाने की अपील की गई।

उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में मिडिएटर, लीगल कौंसिल मेंबर, पैनल लयर्स, पीएलवी तथा पुलिस अधिकारी सार्थक सहयोग कर रहे हैं। यह पखवाड़ा कार्यक्रम घाटशिला अनुमंडल कोर्ट सहित पूर्वी सिंहभूम जिले के विभिन्न प्रखंडों में भी चलाया जा रहा है।

झारखण्ड सरकार
ध्यानार्थ !
सभी तम्बाकू विक्रेता

सभी तम्बाकू उत्पाद विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति को तम्बाकू पदार्थ या सिगरेट या किसी अन्य तम्बाकू उत्पाद का विक्रय, विक्रय करने की प्रस्थापना या विक्रय करने की अनुमति देना या पेश करना, सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन प्रदाय और वितरण का विनियमन, 2003 (COTPA) की धारा 6(a) एवं Juvenile Justice Act (Care and Protection of Children) 2015 की धारा 77, के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है।

सभी तम्बाकू/तम्बाकू उत्पाद विक्रेता, तम्बाकू बिक्री स्थल पर नीचे दर्शाये गये बोर्ड (प्रारूप एवं मापदण्ड के अनुरूप) का प्रमुखता से प्रदर्शन करना सुनिश्चित करेंगे। उल्लघंनकर्ताओं पर दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी।

फ्लैक्स/बोर्ड का प्रारूप निम्न प्रकार से है :-




अठारह वर्ष से कम आयु वाले व्यक्ति को तम्बाकू उत्पादों की बिक्री दंडनीय अपराध है

30 cm
60 cm

आज ही तम्बाकू की लत से अपने को आजाद करें।
कॉल करें– टॉल फ्री नंबर– 1800–11–2356, प्रातः 8 बजे से संध्या 8 बजे तक (सोमवार छोड़कर)
104

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

PRNO 298357 (Health Med Edu and Family Welfare) IPRD 23-24

स्पीड न्यूज

### दो दिवसीय बाबा धर्मराज पूजा शुरू

**कुमारधुबी।** एग्यारकुंड प्रखंड अंतर्गत गाड़ीखाना स्थित धर्मराज मंदिर में चल रहे 2 दिवसीय बाबा धर्मराज पूजा का शुभारंभ रविवार की दोपहर शुरू हुई। उक्त अवसर पर भक्तों ने बाबा धर्मराज शिरा की मूर्ति को मंदिर परिसर में गाजे बाजे के साथ तलाब ले जाकर पूरे विधि विधान के साथ स्नान करवाया। उसके बाद भक्त नाचते गाते बाबा धर्मराज की शिरा मूर्ति को लेकर मंदिर परिसर पहुंचे जहां मंदिर के पुजारी बाबा धर्मराज का पून: मंदिर में विराजमान किया गया तथा पूजा अर्चना की। उक्त अवसर पर जिन भक्तों की मनोकामना पूर्ण हो गई तथा जिन्होंने बाबा से मन्नतें मांगी थी उन्हें मनोकामना पूरी होने पर भक्तों ने पाठा चढ़ाया। वही पुजारी ने बताया कि पूजा वर्षों से पूर्वजों द्वारा किया जा रहा है बाबा का सबसे पसंदीदा फूल कमल फूल है तथा भक्तों को मनोकामना पूर्ण होने पर लोग बाबा का आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व मुखिया संतोष साव, बिक्की बाउरी, टिंकू बाउरी, राकेश बाउरी, चंदन बा उरी, अमित बाउरी सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित थे।

### आउटहाउस में सोया रहा युवक और चोर ले उड़े संपत्ति

**बोकारो।** बोकारो के सिटी थाना क्षेत्र में सेक्टर .2बी स्थित आवास संख्या 2.388 में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। घर के मालिक विजय कुमार यादव सपरिवार अपने एक रिश्तेदार के शादी समारोह में गए थे। आवास की देखभाल हेतु युवक नितेश कुमार आउट हाउस में सोए रहे और चोर लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ कर चलते बने। नितेश को तनिक भनक भी नहीं लगी। सुबह वह जब सोकर उठा तो उसे चोरी की जानकारी हुई। इसके बाद उसने फोन कर आवास मालिक को जानकारी दी और पुलिस को बुलाया। मुख्य दरवाजे की कुंडी काटकर चोर अंदर घुसे थे। आवास के दो बेडरूम को चोरों ने खंगाल दिया। साथ ही दोनों कमरों में रखी दो आलमारियों का लॉक तोड़कर गहनों सहित अन्य कीमती सामानों की चोरी कर ली। आलमारी में रखे जेवरात के डिब्बे व कपड़े पास में बिखरे हुए मिले। सीसीटीवी फुटेज के जरिए चोरों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही स्थानीय चोरों की तलाश में छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने कहा कि शीघ्र ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

### कारो के नए पीओ का लोकल सेल कमेटी ने किया स्वागत

**बेरमो।** सीसीएल कारो परियोजना के नए पीओ सत्येंद्र कुमार को कारो लोकल सेल कमेटी के सदस्य द्वारा पीओ कार्यालय में बुके भेंटकर स्वागत किया गया। इस दौरान पीओ ने कमिटि के लोगो से परिचय प्राप्त किया। उपस्थित लोगो ने लोकल से लिए पर्याप्त मात्रा में कोयला उपलब्ध कराने की बात कही। लोकल सेल मे कोयला उपलब्ध होने से डीओ होल्डरए ट्रक मालिकए चालकए ग्रामीणए विस्थापित हस्त लदनी कोयला मजदूर महिलाओं एवं स्थानीय बेरोजगार युवाओं को लाभ होगा। इस अवसर पर दीपक सिंहए ललन सिंहए मनोज सिंहए पंकज सिंहए गोपाल सिंहए तरुण सिंहए मोनू सिंहए डब्लू सिंहए बिट्टू बाबा राजू सिह आदि उपस्थित थे।

# पेयजल के लिए ईसीएल मुख्य द्वार पर झामुमो ने दिया धरना

## सीएसआर के तहत पानी उपलब्ध कराने की मांग



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**एग्यारकुंड।** ईसीएल मुगमा एरिया कार्यालय के मुख्यद्वार पर झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष रामनाथ सोरेन के नेतृत्व में पानी के मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण महिला व पुरुष हड़िया बर्तन व हाथो में तीर धनुष लेकर कार्यालय के मुख्यद्वार के समीप रख कर ईसीएल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मीडिया से जानकारी देते हुए कहा गया क्षेत्र के गोपालपुरा और बड़ाडंगाल में पानी की घनघोर समस्या है ईसीएल के सीएसआर फंड के क्षेत्र में जलापूर्ति के लिए पाइप लाइन नही बिछाया गया है। लोग पानी के लिए हाहाकार कर रहे है। राज्य में आदिवासी की सरकार है लेकिन ईसीएल आदिवासियों के साथ भेदभाव कर रही है। धरना के समर्थन देने झामुमों के केंद्रीय कार्यकरणी सदस्य अशोक मंडल, झामुमो जिलाध्यक्ष लखी सोरेन और जिप सदस्य गुलाम कुरेशी ने धरना को समर्थन देते हुए कहा। अगर ईसीएल हमारी मांगे पूरे नही करती है तो आने वाले समय मे झामुमों ईसीएल का चक्का जाम करेगी। इधर ईसीएल प्रबंधन प्रबंधन की ओर से धरनार्थियों से वार्ता करने आये एपीएम कैसिक भौमिक ने कहा फिलहाल क्षेत्र में टेंकर के माध्यम से पानी 2 टेकर पानी प्रतिदिन दिया जाएगा। आगे जीएम के समक्ष सभी बातों को रखा जाएगा। वार्ता के बाद झामुमों ने धरना को स्थगित किया।

## मिशन लाइफ कार्यक्रम के तहत निकाली रैली

**झरिया।** टाटा स्टील झरिया डिवीजन द्वारा महाप्रबंधक कार्यालय से डिगवाडीह क्लब तक एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। ताकि सभी को व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर सस्टेनेबल जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया जा सके। इस कार्यक्रम को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के चल रहे प्रमुख कार्यक्रम, मिशन लाइफ के साथ जोड़ा गया था। और झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहयोग से आयोजित किया गया था। रैली को संजय राजोरिया, जेनरल मैनेजर, झरिया डिवीजन, टाटा स्टील और आशुतोष आनंद, सहायक क्षेत्रीय अधिकारी, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, धनबाद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया रैली में समुदाय के लगभग 50 बच्चों, 10 अधिकारियों, 15 गैर अधिकारियों और अन्य सहायक कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में टाटा स्टील की ओर से उपस्थित अधिकारियों में कर्नल भवानी सिंह निर्वाण, हेड एडमिनिस्ट्रेशन, राज अंकुर, हेड प्लांनिग, सुजीत कुमार झा, सीनियर मैनेजर सिक्योरिटी, प्रदीप गौर, सीनियर मैनेजर एनवायरनमेंट, रवि झा, मैनेजर सिक्योरिटी, उमेश सिंह, मैनेजर एनवायरनमेंट शामिल थे।

## सिंदरी के युवक की कर्नाटक में मौत, मातम का माहौल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिंदरी।** कर्नाटक के कोप्पल जिला के गिनिगेरा में कल्याणी स्टील कारखाना में मेकेनिकल रिगर के पद पर कार्यरत सिंदरी बस्ती निवासी प्रदीप दत्ता के 35 वर्षीय विवाहित पुत्र सुभाशीष दत्ता की मौत कारखाने से बाहर जाने के दौरान कर्नाटक में शुक्रवार की शाम को हो गई। वह ट्रक की चपेट में आ गया था। गंभीर हालात में अस्पताल ले जाने के बाद उन्होंने दम तोड़ दिया।

सुभाशीष का शव सिंदरी बस्ती स्थित उसके आवास पहुँचने पर परिजनों के चीत्कार से गमगीन हो गया था। उसका अंतिम संस्कार सिंदरी के दामोदर नदी घाट पर सोमवार को किया गया। सुभाशीष ने हर्ल सिंदरी खाद कारखाने में लगभग एक वर्ष काम किया था। पिता प्रदीप दत्ता ने बताया कि सुभाशीष कर्नाटक के कल्याणी स्टील प्लांट में ठेकेदार एस आर कंस्ट्रक्शन में पिछले दो महीने से कार्यरत था। उन्होंने बताया कि मात्र दस महिने पहले उसकी शादी हुई थी। उसकी माँ व पत्नी बेसुध पड़ी है। घटना के बाद ठेकेदार ने आने जाने का खर्च वहन करते हुए मुआवजा की बात कही है। मौके पर सिंदरी विस्थापित मोर्चा के भक्तिपद पाल ने कहा कि सुभाशीष सहित कई स्थानीय युवकों को हर्ल सिंदरी खाद कारखाने से बाहर का रास्ता दिखाने पर रोजगार की तलाश में दूसरे राज्य जाने के बाद घटना घटी है। हर्ल सिंदरी प्रबंधन स्थानीय लोगों को दरकिनार कर बाहरी युवकों से कारखाना चला रही है। हर्ल की दबंगगिरी से स्थानीय और विस्थापित लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

## तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता रैली

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कार्यक्रम में थे शामिल**

मौके पर पर जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ शेख जफरुल्लाह अंसारीए डा एन०पी०सिंहए चिकित्सक मो सज्जाद आलमए शहरी सहिया समन्वयक सैफुल्लाह अंसारीए जिला कार्यक्रम सहायक आरती मिश्राए जिला परामर्शी मो असलमए छोटेलाल तथा शहरी सहिया एवं सिविल सर्जन कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

**बोकारो।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर आम जनमानस में तम्बाकू के दुष्परिणाम व कोटपा 2003 के मुख्य प्रावधानों के प्रति जागरूकता हेतु सिविल सर्जन डा अभय भूषण प्रसाद व नोडल पदाधिकारी डॉ सेलिना टूडू द्वारा हरी झंडी दिखा कर प्रभात फेरी को रवाना किया गया। सिविल सर्जन बोकारो डा अभय भूषण प्रसाद ने बताया कि तम्बाकू उत्पाद से होने वाले जनित रोगों से प्रतिवर्ष लगभग 13 लाख लोगों की मृत्यु होती है। उन्होंने जनता से अपने आस पास जागरूकता लाने और एक दूसरे को तम्बाकू छोड़ने के लिये प्रेरित करने की अपील की। जिला नोडल पदाधिकारी डा सेलिना टुडु ने सभी दुकानदारों से अपने दुकानों से सिगरेट के प्रचार प्रसार के पोस्टर बैनर या बोर्ड हटा लेने का अनुरोध किया। जिला परामर्शी मो असलम द्वारा कोटपा की मुख्य धाराओं के बारे में जानकारी दी गई।

## दो बाइक की भिड़ंत में तीन घायल

### एनएमसीएच धनबाद किया रेफर

### राणी सती मंदिर के निकट हुई दुर्घटना

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा के उपर बाजार स्थित राणी सती मंदिर के पास संध्या तेज रफ्तार से आ रहे दो मोटरसाइकिल सवारों के बीच जोरदार टक्कर हुई जिसमें तीन युवक गंभिर रूप से घायल हो गए। तीनो घायल को स्थानिय नर्सिंग होम ले जाया गया जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉ ने गंभिर अवस्था को देखते हुए एनएमसीएच धनबाद रेफर कर दिया। घायल मे शुभम रजक झरिया पाडा चिरकुंडा, प्रेम गुप्ता एग्यारकुंड व राहूल पाण्डेय तालडांगा हाउसिंग कालोनी हैं।

राहूल पाण्डेय व प्रेम गुप्ता डिस्कवर बाईक पर सवार होकर कुमारधुबी से चिरकुंडा की ओर जा रहे थे वहीं चिरकुंडा की ओर से कुमारधुबी की तरफ आ रहे बुलेट बाईक से शुभम रजक के बिच जोरदार टक्कर हुई और तीनो गंभिरवस्था मे रोड पर गिरे हुए थे स्थानिय लोगो की मदद से घायल को इलाज के लिए स्थानिय नर्सिंग होम ले जाया गया। जहां शुभम रजक को उसके सर मे तथा पैर मे गंभिर चोटें लगी है तथा राहूल पाण्डेय को सर मे चोट लगी वही प्रेम गुप्ता के पैर टुट गयी है स्थानिय नर्सिंग होम मे प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए एनएमसीएच भेजा गया है।

एक नजर में

### रेलवे और ठेकेदार की लापरवाही से हुई झारखोर की घटना : दीप नारायण सिंह



**कतरास।** सोमवार को धनबाद गया रेलखंड अंतर्गत झारखोर के पास करंट लगने से रेलवे के 6 ठेका मजदूरों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दीप नारायण सिंह ने कहा कि रेल विभाग और ठेकेदार की लापरवाही के कारण ऐसी दुखद घटना घटी है। कार्यस्थल पर किसी प्रकार की सुरक्षा से संबंधित व्यवस्था नहीं होना और कार्य के दौरान रेलवे का कोई भी कनिय अभियंता मौजूद नहीं रहना, पुरी तरह से रेल विभाग और ठेकेदार की लापरवाही को दर्शार्ती है। रेल विभाग के संबंधित अधिकारी और ठेकेदार के ऊपर लापरवाही का मामला दर्ज होना चाहिए । साथ ही साथ केंद्र सरकार मृतक के परिवार को 20 – 20 लाख रुपया मुआवजा और मृतक परिवार के एक सदस्य को केंद्र सरकार रेलवे में सरकारी नौकरी दे । श्री सिंह ने कहा कि रिटायर जज की अध्यक्षता में कमेटी बनाकर घटना की जांच किया जाए, ताकि मृतक के परिवार को न्याय मिल सके।

### . . . साइबर ठगों के झांसे में नहीं पड़ें

**बोकारो।** स्थानीय सेक्टर. 9 के रहने वाले सुरेंद्र कुमार के पास सुबह करीब 9.30 बजे 7204524146 नंबर से फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को राशन कार्ड डिपार्टमेंट का कर्मचारी बताते हुए कहा कि कार्ड अपडेट करने के लिए आपके मोबाइल पर 4 अंको का ओटीपी गया होगा। वह बताएं अगर कार्ड अपडेट नहीं होगा तो अगले महीने से आपको राशन मिलना बंद हो जाएगा। अपडेट हो गया तो डबल राशन मिलेगा। सुरेंद्र कुमार फोन करने वालों की नीयत को पहले ही समझ चुके थे क्योंकि उनका राशन कार्ड बना ही नहीं है। उन्होंने लोगों को जागरूक करने के लिए यह वाकया शेयर किया है ताकि बिजली बिलए एटीएम कार्ड ब्लॉक करने सहित कई फरेबी कामकाज के बहाने साइबर ठग के झांसे व लालच में पड़कर लोग अपनी मेहनत से संजोई जमापूंजी खोने से बचें।

### केबी कॉलेज बेरमो में खाद्य सामग्री का वितरण

**बेरमो।** सोमवार को केबी कॉलेज बेरमो द्वारा ष्प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियानष के तहत टीबी के पॉच रोगियों को लगातार तीसरी बार पोषाहार सामग्री दिया गया । के बी कॉलेज बेरमो ने बेस्ट प्रैक्टिस एवं सामाजिक दायित्व के तहत स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण मंत्रालयए भारत सरकार के आह्वाहन पर शिनक्षय मित्रश के रूप में निबंधन कराया हैए जिसके अन्तर्गत के बी कॉलेज द्वारा पांच टीबी रोगियों को गोद लिया गया है। इस अभियान में चयनित लगों के बीच सामग्री का वितरण किया गया।

## बोकारो: शिक्षक जयराम प्रसाद के निधन से शोक की लहर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** चास के शिवपुरी कॉलोनी निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक 74 वर्षीय जयराम प्रसाद का उनके निवास पर स्वर्गवास हो गया। स्वण प्रसाद अपने पीछे पत्नीए दो पुत्र और दो पुत्री को छोड़ गए। सन 1972 से राम रुद्रा उच्च विद्यालय जोधाडीह मोड़ चास में बतौर विज्ञान विषय के शिक्षक उन्होंने अपनी सेवा दी। वर्ष1995 में राजकीयकृत उच्च विद्यालय बाघमारा धनबाद जिला में स्थानांतरित हुए जहां से 2009 में सेवानिवृत्त हुए। शोक संतप्त परिवार को जवाहरलाल माहथाए अभय कुमार मुन्नाए सुरेश प्रसाद आजादए गिरिजा प्रसाद शर्माए गौतम कुमारए रघुवीर चौधरीए डबलू कुमारए प्रकाश कुमारए विकास कुमारए रणविजय सिंहए सुरेश कुमारए नरेश प्रसादए उत्तम कुमारए संजय मिश्रा आदि ने पहुंचकर संवेदना जताते हुए ढाढस बंधाया।

## बोकारो: कांग्रेस के इमरान प्रतापगढ़ी का स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बोकारो। स्थानीय सिवनडीह स्थित कर्बला मैदान में कांग्रेस के अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी ने स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नफरत की बाजार कम होगी तभी भाजपा कम होगी। उन्होंने अपने संबोधन में भाजपा को जमकर खरी.खोटी सुनाई और कहा कि आज भाजपा पूछती है कि कांग्रेस ने 70 सालों में क्या किया तो हम आपसे पूछ रहे हैं कि आपने 2000 हजार का नोट 7 साल तक नहीं चला पाए ऐसे में 70 सालों का हिसाब आप क्या मांगेंगे। भारत जोड़ो अभियान के तहत कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतापगढ़ी के साथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर मंत्रीए आलमगीर आलमए बन्ना गुप्ताए बादल पत्रलेखए पूर्व सांसद फुरकान अंसारी व अन्य मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि आने वाला 2024 का चुनाव कांग्रेस का होगाए आपसी भाईचारे हेतु आयोजित भारत जोड़ो कार्यक्रम में कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो अभियान के तहत राहुल गांधी ने 4000 किलोमीटर की पैदल यात्रा की है।

## जेएसएलपीएस ने किया डीडीयू जीकेवाई पर कार्यशाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा सोमवार को न्यू टाउन हॉल में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना (डीडीयू जीकेवाई) पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जेएसएलपीएस के डीपीएम श्री शैलेश रंजन ने बताया कि दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना भारत सरकार की एक महत्वकांक्षी कौशल योजना है। जो ग्रामीण गरीब को रोजगार और आजीविका के अवसर प्रदान करने पर केंद्रित है। यह प्रोग्राम प्लेसमेंट से जुड़ा है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को कौशल विकास और प्रशिक्षण प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करता है। योजना का मुख्य लक्ष्य ग्रामीण गरीब युवाओं को आवश्यक कौशल और प्लेसमेंट से सशक्त बनाना है। ताकि वह अपने संबंधित क्षेत्रों में लाभ प्राप्त कर सके। उन्होंने कहा जेएसएलपीएस ने गत वर्ष के 543 के विरुद्ध 1288 युवक और युवतियों को उनके इच्छुक ट्रेडों में प्रशिक्षण प्रदान किया है। वहीं रोजगार से जोड़ने के 380 के विरुद्ध 569 युवाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार उपलब्ध कराया है। कार्यशाला का उद्देश्य पीआरआई मेंबर और जिला तथा प्रखंड के पदाधिकारियों को यह अवगत कराना है कि यह योजना उनके दिए गए कार्य क्षेत्र में 18 से 35 वर्ष के युवक और युवतियों को लाभान्वित करना है।

## जारंगडीह मनसा नगर में शिव हनुमान मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा



**बेरमो।** गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में जरंगडीह मनसा नगर कॉलोनी स्थित मां मनसा मंदिर के प्रांगण में चार दिवसीय महायग में श्री श्री नवनिर्मित हनुमान जी एवं शिव जी का वैदिक गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के द्वारा प्राण प्रतिष्ठा एवं यग के दौरान मंदिर परिसर में हवन पूजन तथा नगर भरमन और भंडारा के साथ संपन्न हुआ इस मौके पर आसपास के क्षेत्रों के हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मत्था टेका वहीं अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष झामुमो नेता अनिल अग्रवाल नवनिर्मित मंदिर में जाके माथा टेका पूजा समिति के द्वारा श्री अग्रवाल को अंग वस्त्र भेंट की वही इस आयोजन में शामिल श्री अग्रवाल ने क्षेत्र की सुख समृद्धि की मंगल कामना की मौके पर संदीप कुमार बिक्की बाउरी विनोद महतोए गौतम पांडे अशोक गुप्ता अजीत कुमार सहित कई गण्यमान लोग उपस्थित रहे।

### वन टाइम सेटलमेंट को लेकर निकला रथ

**बोकारो।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड द्वारा शुरू की गई वन टाइम सेटलमेंट योजना को लेकर उपायुक्त कुलदीप चौधरी द्वारा समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को रवाना किया गया। इसमें उप विकास आयुक्त कीर्ती श्रीजीए अनुमंडल पदाधिकारी चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावतए जिला नजारत उप समाहर्ता विवेक सुमन, एन तिवारी सहित अन्य उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी**

**शुद्धि पत्र**

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस प्रमंडल द्वारा आमंत्रित ई0–निविदा सूचना संख्या– **RDD /SD/KHUNTI/49/22-232nd Call** है, जिसका पी0आर0 संख्या **297733 RURAL DEVELOPMENT (2023-24)_D** है, के ग्रुप सं० 01 के ऑनलाईन में पूर्व के **SBD** को शून्य समझते हुए वर्तमान में शुद्धि पत्र के साथ **SBD** को दोबारा अपलोड किया जा रहा है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
खूँटी ।

PR.NO.298551 Rural Development(23-24):D

**कार्यालय जिला परिषद, गुमला**
**दुकानों की बन्दोवस्ती हेतु अति अल्पकालीन प्रेस विज्ञप्ति**

एतद द्वारा गुमला जिले के सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजना अन्तर्गत करौन्दी कलस्टर में निर्मित मार्केट कॉम्पलेक्स के दुकानों का अनुमण्डल पदाधिकारी, गुमला के स्तर से निर्धारित मासिक किराया एवं निर्धारित शर्तों के अधीन बन्दोवस्ती की जानी है :–

करौन्दी कलस्टर में मार्केट कॉम्पलेक्स अन्तर्गत 20 खाली दुकानों का आवंटन हेतु किराया तालिका

| क्र0 | दुकानों का नम्बर | किराया प्रतिमाह |
| --- | --- | --- |
| 1 | 1,2,3,4,5,6,7,8,9,10,11,12,13,14,15,16,17,18,19,20 | 1800/– |

करौन्दी कलस्टर में मार्केट कॉम्पलेक्स अन्तर्गत 10 खाली दुकानों का आवंटन हेतु किराया तालिका

| क्र0 | दुकानों का नम्बर | किराया प्रतिमाह |
| --- | --- | --- |
| 1 | 1,2,3,4,5,6,7,8,9,10 | 1800/– |

उक्त दुकानों की बन्दोवस्ती हेतु आवेदन प्रपत्र कार्यालय जिला परिशद, गुमला से दिनांक 31.05.2023 से दिनांक 10.06.2023 के अप0 5.00 बजे तक 500/– कुल पाँच सौ रूपये मात्र का डिमाण्ड ड्राफ्ट (जो सचिव, जिला परिशद, गुमला के नाम से किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत एवं गुमला में भुगतेय हो) जमा कर कार्यालय अवधि में प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् आवेदन प्रपत्र किसी भी कीमत पर निर्गत नहीं किया जायगा।

दुकान बन्दोबस्ती से संबंधित विस्तृत शर्तों का अवलोकन कार्यालय के सूचना पट्ट तथा गुमला जिले के वेबसाईट **gumla.nic.in** पर किया जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, गुमला।

PR 298585 Rural Development(23-24)D

# बाघमारा: रूद्र महाचंडी यज्ञ को लेकर कलश यात्रा

## मंदिर प्राण प्रतिष्ठा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बाघमारा ।** धर्म की जय हो अधर्म का नाश हो,प्राणियों में सद्भावना हो विश्व का कल्याण हो,जय श्री राम,हरहर महादेव आदि धार्मिक उद्घोष से वातावरण धर्ममय बन गया। मौका था आमडीह घोराठी में आयोजित पांच दिवसीय श्री श्री 108 रुद्रचंडी महायज्ञ सह मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को निकली भव्य कलश यात्रा की। मंदिर परिषर से निकली यात्रा आमडीह, घोराठी, हड़कुपभट्ठा, महुलताण्ड, खरियो सहित चार किमी की यात्रा तय करते हुए रानी तालाब पहुंची। यहां पंडित रमेश पांडेय सहित अन्य विद्वान पंडितों द्वारा सामूहिक मंत्रोच्चार के साथ 251 कलशों में जलाभरण किया गया। ततपश्चात यात्रा में शामिल श्रद्धालु वापस उसी मार्ग से भक्ति गीतों की धुन पर नाचते थिरकते मंडप परिषर पहुंची। जहां कलशों को प्रवेश कराया गया। यात्रा के दौरान समिति के अलावे खरियो पंचायत के ग्रामीणों की ओर से जगह जगह शर्बत पानी की व्यवस्था किया गया था। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि पांच दिवसीय महायज्ञ के पहले दिन कलश यात्रा के बाद अरणी मंथन कर अग्नि स्थापन के पश्चात संध्या आरती किया गया। जबकि रात्री में वृंदावन से आई कथा वाचिका गंगा मिश्रा द्वारा प्रवचन की प्रस्तुति दी गयी। कलश यात्रा के दौरान जीप सदस्य ललिता देवी,लखन शर्मा, बासुदेव शर्मा, मितलाल शर्मा, गुप्तेश्वर शर्मा, ब्रह्मदेव राणा, रवि शर्मा,राजू शर्मा, शंकर मिस्त्री, सुभाष शर्मा, बाबूलाल पांडेय, डब्लू शर्मा, महेश मिस्त्री, विजय शर्मा, पिंटू शर्मा, गुड्डू शर्मा, पोरेश चौबे, शिवनाथ शर्मा, पवन शर्मा, सुरेश शर्मा, संतोष शर्मा सहित सैंकड़ों श्रद्धालु शामिल थे।

**झांकी रहा आकर्षण का केंद्र**

आयोजन समिति की ओर से कलश यात्रा के दौरान निकाली गई झांकी आकर्षण का केंद्र रही। बच्चे भगवान गणेश, शिव, राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान सहित अन्य वेशभूषा धारण किये श्रद्धालुओं के साथ चल रहे थे। कलश यात्रा के आगे छोटे छोटे बच्चे हाथों में धार्मिक पताखा लिए जयकारा लगाते चल रहे थे। वहीं महिलाएं व युवतियां माथे में कलश लिए नंगे पांव जय श्री राम,हरहर महादेव का नारा लगाए उत्साह के साथ बढ़ रहे थे। चिलचिलाती धूप में भी श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हो रहा था। डीजे व ताशा पार्टी की धुन लोगों में जोश भरने का काम किया। श्रद्धालु नाचते गाते आगे बढ़ रहे थे। मंडप परिषर पहुंचते ही श्रद्धालुओं के बीच महाभोग का वितरण किया गया। समिति सदस्यों ने कहा कि धार्मिक आयोजन को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। समिति सदस्यों के अलावे समस्त ग्रामीण आयोजन को सफल बनाने में जुटे हैं।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम–सुशमा कुमारी, उम्र– 20 वर्ष, रंग–गोरी, उचाँई– 4 फिट 5 ईंच, पहनावा–लाल रंग का साड़ी पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता महिला सुशमा कुमारी, पति–राजु कुमार महतो, सा0–पतरातु, पो0–उरूगुटु, थाना–ठाकुरगाँव, जिला–राँची, जो बगैर बताए कहीं चली गई जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में ठाकुरगाँव थाना सनहा संख्या–16/2023 दिनांक–15.05.2023, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

**पुलिस उपाधीक्षक , खलारी, राँची।** – 9431742777
**थाना प्रभारी,ठाकुरगाँव, राँची।** – 9431706149

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची

PR 298573 Police (23-24)_D

## स्पीड न्यूज

### पंचायत के नये कार्यालय का शुभारंभ



**गुमला।** आजाद बस्ती स्थित गौशुलवरा मस्जिद के समीप मोमिन अंसारी पंचायत के कार्यालय का शुभारंभ किया गया। मौके पर पंचायत के सदर शकील अंसारी ने कहा कि मोमिन अंसारी पंचायत के सभी सदस्यों से अंजुमन चुनाव को देखते हुए जल्द मोमिन पंचायत का सदस्यता फार्म भरने की अपील की। 18 साल से ऊपर के सभी सदस्यों से सदस्यता फार्म जरूर भरने व पंचायत का कार्यालय में जमा करने की बात कही। पंचायत कार्यालय प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात 9 बजे तक खुली रहेगी। मौके पर सेक्रेटरी सोहैल अंसारी, एखलाक अंसारी, राहत अंसारी, शाहजहां अंसारी कलीम अंसारी,तजम्मुल अंसारी, साबिक अंसारी, फिरोज अंसारी, कलीमुद्दीन अंसारी, तबरेज अंसारी अश्फाक अंसारी, ताजुद्दीन अंसारी भी उपस्थित थे।

### बसिया के पतुरा से एक शव मिला

**गुमला।** बसिया थाना क्षेत्र के पतुरा के समीप सरुडा कोनारटोली निवासी निरल कुल्लू (45) का शव पुलिस ने बरामद किया है। जहां पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक का छोटा भाई ग्रेगोरी कुल्लू ने बताया कि रविवार की सुबह उसके बड़े भाई नीरल से उसकी मुलाकात हुई थी और बातचीत के क्रम में मृतक ने बताया कि थोड़ा काम है। मैं गांव की ओर से आ रहा हूं और साइकिल से गया। वहीं देर शाम घर वापस नहीं होने पर काफी खोजबीन की परंतु कहीं पता नहीं चला। वही सोमवार सुबह गांव के ही कुछ लोगों ने पतुरा के समीप एक शव को देखा और ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के संदर्भ में छोटा भाई ग्रेगोरी कुल्लू ने बताया कि घटनास्थल पर साइकिल का नहीं होना और सर और गले पर गंभीर चोट साफ तौर से दिख रहा है।

### लोगों का शिक्षित होना जरूरी: मुखिया



**गुमला।** रायडीह प्रखंड के सिलम पंचायत के मुखिया वीरेंद्र उरांव की अध्यक्षता में रुकरूम गांव में जन जागरूकता को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, नशापान एवम कृषि से संबंधित विषयों पर लोगों को जागरूक किया गया। मुखिया वीरेंद्र उरांव ने कहा किसी भी परिवार या समाज के विकास के लिए शिक्षा ज्ञान के साथ साथ स्वस्थ रहना भी जरूरी है। वीरेंद्र ने लोगों को नशापान से दूर रह कृषि कार्य में विशेष ध्यान देने को कहा। मौके पर पूर्व पंसस खुशमन नायक ने कहा विकास कार्यों को हम सिर्फ सरकार के भरोसे नहीं छोड़ सकते। मौके पर, वार्ड सदस्य सुरेश उरांव, देवंती तिर्की, सरस्वती देवी, मनतू नायक, रोशन लकड़ा, राहुल उरांव सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### सेवानिवृत्त शिक्षक का निधन, शोक



**कैरो (लोहरदगा)।** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत डा अनुग्रह नारायण प्लस टु उच्च विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक कृष्ण मणि गोप (86) का 29 मई सोमवार सुबह 8:30 बजे आकस्मिक निधन हो गया। कैरो उतका ग्राम निवासी श्री कृष्ण मणि गोप डा0 अनुग्रह नारायण प्लस टु उच्च विद्यालय के फाऊंडर शिक्षको मे एक थे। जब सन्न 1953 में उच्च विद्यालय की स्थापना हूई थी तब प्रारंभ के दौर से ही श्री गोप ने विद्यालय विकास एवं सरकार से मंजूरी को लेकर सतत प्रयत्नशील रहे। अंततोगत्वा सन्न 1956 मे तत्कालिन बिहार सरकार श्री कृष्ण सिंह के मुख्यमंत्रीत्व काल मे बिहार सरकार की ओर से विद्यालय की सरकारी मंजूरी मिली थी। उनके निधन से राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, उप-प्रमुख मधुलिका रानी, सेवानिवृत्त शिक्षक दीपेश्वर पांडेय, बालेश्वर साहू, विद्यालय के वर्तमान प्रधानाचार्य गणेश शास्त्री, अम्रेंद्र कुमार, 20 सूत्री अध्यक्ष अनीश अहमद खान, उपाध्यक्ष बुधुवा उरांव, सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी, उपमुखिया रवि प्रजापति, विशेश्वर प्रसाद दीन, सुरज मोहन साहू, लखन उरांव, राम प्रसाद यादव, राजेंद्र महतो, नजीर आलम खान, बलराम साहू इत्यादि लोगों ने शोक संवेदना प्रकट किया है।

### चार नाबालिग आरोपी पकड़ाये

**जारी।** जारी अंचल कार्यालय में हुए चोरी के मामले में पुलिस ने चार नाबालिग को पकड़ा है। वहीं पकड़ाये अभियक्तों की निशानदेही पर चोरी के समान पुलिस ने बरामद कर लिया गया है। इस संबंध में जारी थाना थाना प्रभारी ने बताया कि अंचल कार्यालय के कक्ष का ताला तोड़ कर अज्ञात चोरों के द्वारा एक कम्प्यूटर सिस्टम, एक सी पी यू, एक मोरफो डिवाइस एवं दो टेबल पंखा की चोरी कर ली गयी थी। जिसकी लिखित शिकायत सी ओ के द्वारा थाने में दर्ज करायी गयी थी। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर जारी थाना के तोगो गांव से चार नाबालिग को निरूद्ध करते हुए उनसे पूछताछ की तो उन्होंने चोरी की घटना में अपनी संलिप्ता स्वीकार की। जिसके बाद उनकी निशानदेही पर चोरी किये गये सभी समान को जब्त कर लिया। वहीं चारों नबालिको को न्यायालय में प्रस्तुत कर बाल सुधार गृह भेज दिया गया। छापेमारी दल में इंस्पेक्टर बैजू उरांव, थाना प्रभारी मनीष कुमार, अंकु कुमार, विनोद शर्मा, अरूण पाण्डेय सहित थाना के जवान मौजूद थे।

### महेश नवमी : माहेश्वरी समाज के तीन संगठनों ने किया 28 यूनिट रक्त संग्रह



**गुमला।** महेश नवमी पर माहेश्वरी सभा, माहेश्वरी महिला समिति व माहेश्वरी युवा संगठन गुमला द्वारा संयुक्त रूप से रक्तदान शिविर का आयोजन माहेश्वरी टावर में किया गया। शिविर में कुल 28 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। गुमला माहेश्वरी परिवार के सदस्य रवि साबू, आयुष काबरा, रौनक साबू, प्रियंका साबू, सुरभि मंत्री, शकुंतला मंत्री, सचिन मालानी, मनोज मालानी, रमेश साबू, संगीता साबू, अनुराग साबू, अभिषेक साबू, विकास गोयल, विकास मंत्री, समर्थ मंत्री, सुमित चीनू साबू, रश्मि फलोर, वासुदेव मोहता, दीपक मालपानी, विवेक लाला साबू, अमृत साबू , एवं अन्य ने रक्तदान किया। मौके पर अमित मंत्री (गोलू) ने कहा कि रक्तदान के प्रति लोगों को आगे आना चाहिए। 18 वर्ष से 60 वर्ष के स्वस्थ व्यक्ति 90 दिन के अंतराल में रक्तदान कर के चार लोगों की जान बचा सकते हैं। इसलिए लोगों से आग्रह है कि रक्तदान के प्रति जागरुक हो एवं दूसरों को भी प्रेरित करे। कार्यक्रम में माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष ओम मालानी, सचिव अशोक साबू, महिला समिति की अध्यक्षा शकुंतला मंत्री मौजूद रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज कराने पहुंची गर्भवती सहिया की मौत

- सुबह कुछ खाने के दौरान गला में फंस गया, सांस लेने में दिक्कत होने लगी और अचानक मौत हो गयी

**खबर मन्त्र संवाददाता**





मृत सहिया के शव के समीप रोती बिलखतीं दूसरी सहिया साथी और सहियाओं से बातचीत करते थाना प्रभारी।

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के बदरी गांव की सहिया सुखमनी उरांव की मौत सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में हो गयी। जिससे गर्भ में पल रहे बच्चे की भी मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर प्रखण्ड की सैकड़ो सहिया अस्पताल पहुँची। वहीं सभी सहिया रोते बिलखते दिखी। वहीं मौत के बाद सहिया के शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया गया।

**क्या है मामला :** घटना के बाबत मृतक के पति बल्केश्वर उरांव ने बताया कि उसकी पत्नी सुखमनी उरांव गर्भवती थी। गर्भ का समय भी नजदीक था। जिस कारण रविवार की रात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा उसे लाया था। जहां उसे एडमिट कराया गया। वहीं सोमवार को सुबह उससे बात करके कोटामाटी नदी हम शौच के लिए ले गये। जहां वापस आये तो स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि सुखमनी कुछ खा रही थी। जिससे वह गला में जा फंसा और उसके छाती में दर्द होने लगा। साथ ही सांस लेने में दिक्कत होने लगा और जब तक उसको गुमला रेफर किया गया तब तक उसकी मौत हो गयी। इस क्रम में पेट में पल रहे बच्चे की भी मौत हो गयी।

**क्या कहते हैं प्रभारी चिकित्सक :** इस संबंध में चिकित्सक प्रभारी अरविंद कुशल एक्का ने बताया कि सहिया सुखमनी उरांव कल ही रात को एडमिट हुई थी। जहां आज सुबह साढ़े 9 बजे वो कुछ खा रही थी। जिससे उसके गला में शायद कुछ फंस गया। इस दरमियान उसकी मृत्यु हो गयी और पेट मे पल रहे नवजात की भी मृत्यु हो गयी है।

**पोस्टमार्टम हेतु एंबुलेंस नहीं मिलने पर सहियाओं ने जमकर किया हंगामा**

वही मृत सहिया को पोस्टमार्टम के लिए एम्बुलेंस सुबिधा नहीं मिलने पर सहियाओ ने जमकर हंगामा मचाया और हॉस्पिटल के मेन गेट में ताला जड़ दिया। जिसके बाद थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी को सूचना मिली। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। चिकित्सा प्रभारी अरविंद कुशल एक्का के साथ सहियाओं से बातचीत किये। जिसके बाद एंबुलेंस की व्यवस्था हुई तत्काल 10000 हजार का सहयोग दिया गया।

# जनता की भावनाओं से खेलना बंद करे राज्य सरकार : सुदर्शन भगत

- वोटबैंक के लिए तुष्टिकरण करने का लोहरदगा सांसद ने लगाय आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** नदिया हिंदू हाई स्कूल से हिंदू शब्द हटाने पर लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत ने कहा झारखंड सरकार और शिक्षा विभाग के द्वारा लोहरदगा की सबसे पुरानी हाई स्कूल में से एक नदिया हिंदू हाई स्कूल से हिंदू शब्द को केवल हटाना यह दर्शाता है कि वर्तमान यूपीए गठबंधन सरकार की राजनीतिक आधार केवल तुष्टिकरण ही रह गयी है।

यह विद्यालय जिले के लिए धरोहर की तरह कई पिढियों की यादें इस नाम से जुड़ी है। आज कितने बच्चों और पूर्ववर्ती छात्राओं के प्रमाण पत्रों में नाम अंकित है। सरकार शिक्षा के क्षेत्र में कुछ विशेष स्थापित कर नामकरण करने चाहिए थे परंतु यह किये गये कार्यों पर अपनी नामकरण करना आदत बना लिया है।

शुरुआत दिनों में स्थापना और संचालन से जुड़े लोगों की मेहनत और योगदान को भी सरकार शून्य कर राज्य का मुख्यमंत्री अपनी सरकार को प्रचारित करने में लगें हैं। जबकि स्कूलों के स्थापना और नामकरण के पीछे शर्त होते है जो योगदान के प्रति सरकार का सम्मान होता और योगदानकताओं के साथ न्याय मिला ऐसा माना जाता है। जो माफी के योग्य नहीं है। लोहरदगा की जनता का आक्रोश जायज है। लोकतांत्रिक युग में जनभावनाओं का सम्मान होता परंतु कांग्रेस और उनके साथी शुरू से अतित के पन्नों को नष्ट कर केवल अपनी विचारधारा को प्रदर्शित किया है। यह वर्तमान में भी जारी उसी कार्यप्रणाली का बड़ा उदाहरण है। परंतु सरकार को ऐस तरह का राज्यदेश देने से पहले परिणामों को सोंचना चाहिए। लोकतंत्र में जनता सर्वश्रेष्ठ इसलिए झारखंड की सरकार जनभावनाओं का सम्मान करते हुए अविलंब राज्यदेश को वापस लेकर जो स्कूल का नाम सैंकड़ों वर्षों से नांमाकित है वह पूर्व की तरह रहे।



सुदर्शन भगत, सांसद लोहरदगा।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला झोलाछाप डॉक्टर भेजा गया जेल

- नाबालिग इलाज कराने पहुंची तो बेहोशी का इंजेक्शन देकर उसके साथ किया था दुष्कर्म
- एसडीपीओ ने प्रेस कान्फ्रेंस कर दी जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के एक नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म करने के अभियुक्त सांसों सरजामा निवासी झोलाछाप डॉक्टर मंगल देव लकड़ा उर्फ मंगल देव उरांव को सोमवार को घाघरा पुलिस ने पकड़कर न्यायिक हिरासत में गुमला जेल भेज दिया। इस संबंध में एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने सोमवार को घाघरा थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि विगत 28 मई को 3:30 बजे घाघरा थाना पर एक नाबालिग अपने माता-पिता के साथ आयी और बताया कि 28 मई 2023 के सुबह जब वह अपना इलाज करवाने ग्राम बड़काडीह में एक डॉक्टर के पास गयी थी। तब डॉक्टर के द्वारा इलाज के बहाने उन्हें नशे का इंजेक्शन देकर उसके साथ दुष्कर्म किया।



गिरफ्तार अभियुक्त के साथ एसडीपीओ, थाना प्रभारी व अन्य।

**खास बातें :** नशे में रहने के कारण उस वक्त नाबालिक अपने परिजनों को कुछ नहीं बता पायी। लेकिन घर वापस आने के बाद जब वह बोलने की स्थिति में आयी तो उसने घटना के संबंध अपने परिजनों को सारी बात बता दी। जिसके पश्चात पीड़िता अपने परिजनों के साथ घाघरा थाना आकर घटना के संबंध में अपना बयान दर्ज करवाया। जिसके आधार पर घाघरा थाना कांड संख्या 43/23 एवं पोस्को एक्ट दर्ज किया गया। उक्त संबंध में वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए निर्देशानुसार त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड के प्राथमिक अभियुक्त झोलाछाप डॉक्टर मंगलदेव लकड़ा को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। आरोपी पेशे से झोलाछाप डॉक्टर है जो बुखार सर्दी खासी इत्यादि जैसे छोटे रोग का प्राथमिक उपचार करता है। गिरफ्तारी उपरांत घटना को स्वीकार किया। जांच एवं पीड़िता का चिकित्सीय जांच एवं अन्य कानूनी प्रक्रिया की जा रही है।

### दामोदर महोत्सव सह गंगा दशहरा कार्यक्रम आज

**लोहरदगा।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दामोदर नदी के उद्गम स्थल चुल्हापानी में दामोदर महोत्सव गंगा दशहरावनद दामोदर महोत्सव गंगा दशहरा कार्यक्रम आज 30 मई 2023 को 10 से मनाया जायेगा। कार्यक्रम में नदी पूजा, हवन एवं आरती के बाद भंडारा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में रांची, लोहरदगा, लातेहार जिला के दामोदर बचाओ आंदोलन, युगांतर भारती, देवनद दामोदर ट्रस्ट के कार्यकर्ता सहित जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी भाग लेंगे। यह जानकारी जिला संयोजक बालकृष्ण सिंह ने दी।

### गुमला में कबाड़ महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**गुमला।** गुमला नगर परिषद ने विश्व पर्यावरण दिवस से पहले पूरे एक सप्ताह तक चलने वाले अनूठे प्रोग्राम कबाड़ महोत्सव का सोमवार को शुरुआत की। सोमवार को नगर परिषद के प्रशासक संजय कुमार ने अपनी पूरी टीम के साथ इस महोत्सव का पोस्टर लांच किया। साथ ही शहर से पुनर्चक्रण योग्य प्लास्टिक कचरा, इलेक्ट्रॉनिक कचरा तथा अन्य ऐसी ही पुरानी वस्तुओं के संग्रह हेतु 'पर्यावरण रथ' नामक वेस्ट कलेक्शन वाहन को रवाना किया। इस अभियान के तहत 'कबाड़ से जुगाड़' थीम पर शहर में विभिन्न जागरूकता परक कार्यक्रम चलाने जाने हैं।

### भालू के हमले में मजदूर घायल

**गुमला।** बिशुनपुर थाना क्षेत्र के डीबी ढोड़ा के समीप भालू के हमले से मजदूर हेलता बिशुनपुर निवासी 32 वर्षीय बिगना उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से घायल को नजदीकी उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की जानकारी देते बिगना ने बताया कि हम मजदूरी का काम करते हैं और उसी को लेकर कोयनारटोली काम करने जा रहे थे। तभी डीबी ढोड़ा के समीप भालू ने मुझ पर हमला कर दिया। भालू ने पूरे गिरफ्त में मुझे ले लिया। तभी मैं चिल्लाने लगा तो आसपास के लोग एकत्रित हो गये। उसे देख भालू वहां से भाग खड़ा हुआ। वही भालू के हमले से बीगना के पेट पर गंभीर चोट पहुंची है।

### कुडू प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट नौ से होगा शुरू



**कुडू लोहरदगा।** संत विनोबा भावे मिनी स्टेडियम खेल मैदान ब्लाक मोड टाटी कुडू में आयोजित कुडू प्रीमियर लीग नाईट प्राईजमनी क्रिकेट प्रतियोगिता के सफल संचालन को लेकर सोमवार को लाल विकास नाथ शाहदेव की अध्यक्षता में आयोजन समिति की बैठक हुई। जिसमें तय हुआ कि कुडू प्रीमियर लीग नाईट प्राईजमनी क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ 9 जून की शाम सात बजे से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच होगा।

# लोहरदगा में हुआ मन का मिलन पखवाड़े का शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार 29 मई से लेकर 14 जून तक चलाए जाने वाले मन का मिलन पखवाड़े का आज प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर कमलों द्वारा सिविल कोर्ट परिसर में फीता काट कर उद्घाटन किया गया, तत्पश्चात यह कार्यक्रम अगले एक पखवाड़े तक सफलता पूर्वक चलाने का निश्चय किया गया। उद्घाटन पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल ने कहा कि लोहरदगा जिले में मन का मिलन पखवाड़े को लेकर जोर-शोर से प्रचार-प्रसार किया गया है अब इसे मूर्त रूप देने की बारी है अतः जो लोग भी बेंच में काम कर रहे हैं वह पक्षकारों को इस बात के लिए प्रेरित करें कि वे अपने विवाद को मध्यस्थता से सुलझाने के लिए आगे आयें। डालसा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम मध्यस्थता के प्रचार प्रसार के लिए किया गया है।

# बकाया भुगतान को लेकर सहियाओं का रोषपूर्ण प्रदर्शन

डीसी कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर मांग पूरा करने की अपील की, 50 माह से बकाया है सहियाओं का मानदेय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** पांच सूत्री मांग को स्वीकृति दिलाने व 50 माह का बकाया मानदेय भुगतान की मांग को लेकर सोमवार को जल सहियाओं ने उपायुक्त कार्यालय के समक्ष रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। जल सहियाओ ने कहा कि उनका चयन वर्ष 2010-11 में जल एवं स्वच्छता समिति के माध्यम से हुआ था। तब से जल सहिया पीएचईडी विभाग से मिले कार्यों को करती आ रही हैं। जिसके तहत वे घर-घर सर्वे, चापानल मरम्मत, कुडा कचरा का निस्तारण, शौचालय निर्माण, आदि कार्यों को बखूबी निभाया। जिसके एवज में झारखंड सरकार के द्वारा उन्हें मासिक एक हजार रूपया मानदेय दिया जा रहा था। तीन माह मानदेय का भुगतान के बाद उन्हें 50 माह से पैसे नहीं दिये गये।

# बोलेरो से तस्करी के लिए जा रहे गोवंशीय बरामद

रात होने के कारण तीन तस्कर अंधेरे का लाभ उठाकर भागे

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चैनपुर।** चैनपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गौ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के लालगंज व चितरपुर के बीच से बोलेरो में तस्करी के लिए जा रहे 6 गोवंशीय पशुओं को जब्त कर थाना ले आयी। इस संबंध में थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि लालगंज एवं चितपुर गांव के बीच वाहन से पशु तस्करी की जा रही है। जिसके बाद छापामारी की गई। जिसमें एक सफेद रंग की बोलेरो कार संख्या जेएच 07 उ 8057 को धर दबोचा गया। उस वाहन में 6 गोवंश पशु ठुंस कर लादे गये थे। वहीं पुलिस को देख तस्कर अंधेरे एवं जंगल का फायदा उठाते हुए भाग गये।

### नाबालिग के अपहरण का मामला दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

**कुडू, लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के अपहरण के मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर कुडू थाना में कांड संख्या 69/23 धारा 363/366ए के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। बताया जाता है की 23 मई दिन मंगलवार की दोपहर से लड़की अपने घर नहीं आई। लापता नाबालिग लड़की नंतीलो गांव निवासी मजुद्दीन अंसारी की पुत्री साजिया खातून है। सात दिनों से लड़की का कोई पता नहीं चल रहा है।

# योजना निर्माण को लेकर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कैरो।** प्रखंड सभागार में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत विकास योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के योजना निर्माण को लेकर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सरकार के लिये गये मार्गदर्शन के अनुरूप ग्राम पंचायत विकास योजना का निर्माण एवं ई ग्राम स्वराज पोर्टल में हुए संसोधित विषय से अवगत कराया गया। विभागीय विभाग द्वारा नौ थीम पर भी चर्चा की गई एवं सभी ग्राम पंचायत को बताया गया कि जल्द से जल्द कार्यकारिणी से पारित कराते हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 की वार्षिक योजना का निर्माण व चयन करें। कार्यशाला में प्रखंड समन्वयक आकाश कुंवर, 20 शुत्री उपाध्यक्ष बुधवा उरांव, मुखिया वीरेंद्र महली आदि भी थे।

# विधिक कार्यक्रम में ज्यादा लोगों को मध्यस्थता के लिए करें प्रेरित: पीडीजे

- व्यवहार न्यायालय परिसर गुमला में मन का मिलन पखवाड़ा मध्यस्थता कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा व्यवहार न्यायालय परिसर गुमला में आयोजित मन का मिलन पखवाड़ा मध्यस्थता कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम उद्घाटन किया गया। 29 मई से 14 जून तक पखवाड़ा कार्यक्रम चलेगा।

जिसमें डालसा द्वारा गठित टीमें डालसा सचिव, मध्यस्थ, अधिवक्ता तथा पुलिस विभाग के सदस्य शामिल हैं। जिनके द्वारा न्यायालय में आने वाले लोग तथा पक्षकारों को मध्यस्थता को अपनाकर अपने वादों को समाप्त करने के लिए प्रेरित किया जायेगा।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए पीडीजे ने कहा कि इस पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत यह लक्ष्य रखा गया है कि अधिक से अधिक लोगों को मध्यस्थता के लिए प्रेरित किया जा सके ताकि वे अपने वादों का निपटारा कम समय तथा कम खर्च में कर सके ।

उन्होंने बताया कि इस पखवाड़े का उद्देश्य लोगों को यह समझाना है कि वे मेडिएशन को चुने तथा वाद पूर्व मेडिएशन का चुनाव कर सर्वप्रथम अपने विवादों का निपटारा आपसी सहमति से करे। साथ ही जिला प्रशासन के सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक ब्लॉक के प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा पीएलवीएस के माध्यम से भी किया गया तथा ग्रामीणों के बीच संदेश पहुंचाया।



कार्यक्रम को संबोधित करते प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश।

- कार्यक्रम में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम डी सी अवस्थी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ अंजनी अनुज, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार, अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी श्रीमती निर्मला बारला, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी प्रणव कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी जया स्मिता कुजूर, एलएडीसीएस के अधिवक्तागण, मध्यस्थ तथा न्यायालय में आये लोग उपस्थित थे।

# पुत्री के साथ कपड़ा धोने गयी महिला की डोभा में डूबने से मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कुडू लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के जिंगी पंचायत के जोंजरो गांव में सोमवार को एक दर्दनाक हादसे में बेटी के साथ डोभा कपड़ा धोने तथा नहाने गई 37 वर्षीय महिला की डुबने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची कुडू पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के जोंजरो गांव में सोमवार की सुबह कपड़ा धोने के दौरान डोभा में डूबने से अफसरी खातून नामक महिला की मौत हो गयी। थाना क्षेत्र के जोंजरो गांव निवासी सेराजुल अंसारी की पत्नी अफसरी खातून अपनी पुत्री सुहाना परवीन के साथ कपड़ा धोने व नहाने के लिए जोंजरो गांव स्थित डोभा गई हुई थी। दूसरी तरफ मृतक का पति सेराजुल अंसारी किसी काम से कोलसिमरी पंचायत के सुकुरहुद्दू गांव गया हुआ था। सेराजुल अंसारी जब सुकुरहुद्दू से जोंजरो के रास्ते घर वापस लौट रहा था, तो उसने देखा कि जोंजरो डोभा के पास भीड़ लगी हुई है। भीड़ देखकर वह वहां रुक गया तथा वहां पहुंचा तो उसने अपनी पत्नी अफसरी खातून को डोभा के पिंड में लिटाया हुआ पाया। ग्रामीणों ने बताया कि डोभा में डूबने से अफसरी खातून की मौत हो गई है। मामले की सूचना कुडू थाना पुलिस को दी गयी। जिसके बाद थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह के निर्देश पर कुडू थाना के अवर निरीक्षक जोस्फीना हेम्ब्रम जोंजरो गांव पहुंची तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करते हुए शव को परिजनों को सौंप दिया है। इधर, घटना की सूचना मिलने पर आजसू नेता लाल गुड्डू मृतक के घर पहुंच कर शोक प्रकट किया। साथ ही सरकार से मुआवजा दिलाने की बात कही। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र में डोभा में डुबने से यह तीसरी वारदात है।

## स्पीड न्यूज

### महिला को लगा करंट स्थिति नियंत्रण में

**कांडी।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत हरिहरपुर के महुआधाम टोला निवासी प्रियंका देवी पति अलोक चौधरी करंट लगने से घायल हो गई। जिसके बाद घर की महिलाओं ने निजी वाहन से घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कांडी लाया। जहां एक भी डॉक्टर के मौजूद नहीं रहने के कारण अस्पताल में उपस्थित एमपीडब्ल्यू अशोक कुमार के द्वारा इलाज किया जा रहा है। घायल महिला की सास प्रभा देवी ने बताया कि घर के सफाई के दौरान घर में लगे बिजली के तार के संपर्क में आने से उसकी बहु घायल हो गई। घर के पुरुष सदस्य मजदूरी करने बाहर गए हुए हैं, इसी वजह से उन्हें ही बहु को अस्पताल लाकर इलाज कराना पड़ रहा है।

### कमांडर एवं बाइक की टक्कर में एक घायल

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के मझिआंव-बरडीहा मुख्य सड़क पर अधौरा चार मुहान चौक पर कमांडर एवं मोटरसाइकिल की टक्कर में बरडीहा थाना क्षेत्र के ओबरा गांव निवासी 26 वर्षीय युवक अनिल उरांव बुरी तरह घायल हो गया। उसका इलाज स्थानीय रेफरल अस्पताल में किया गया। उसके बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### चाकू से गोद कर हत्या का मामला प्रकाश में

**रमना।** थाना क्षेत्र के टंडवा में विवाहिता के साथ दुष्कर्म के बाद चाकू से गोद कर हत्या का मामला प्रकाश में आया है। मृतका की पहचान साहिदा बीबी 27 वर्ष पति जैनुल अंसारी के रुप में की गई है। मौके पर पहुंचे एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी, एसआई विवेक पंडित सहित रमना थाना पुलिस के जवान घटना की जानकारी लेते हुए शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा स्थित सदर अस्पताल भेज दिया है।

### करंट लगने से युवक की मौत

**कांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बलियारी पंचायत क्षेत्र के सोनपुरा गांव में सोमवार की सुबह एक घर में सरिया सेटरिंग के दौरान 11 हजार बिजली की करंट लगने से स्थानीय रामप्यारी यादव के पुत्र मुकेश यादव की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मुकेश गांव के ही सीताराम मेहता के घर में सेटरिंग का काम कर रहा था। घर के नजदीक से गुजरे 11 हजार बिजली के तार के संपर्क में आने से उसे करंट लग गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों के द्वारा आनन फानन में सदर अस्पताल गढ़वा ले जाया जा रहा था कि जाने के क्रम में रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

### तालाब में डूबने से वृद्ध की जान गयी

**कुंदा(चतरा)।** प्रखंड के पुरैन पोखरा तलाब में मछली मारने के क्रम में गहरे पानी मे जाने से थाना क्षेत्र के टिकुलिया गांव के बुधाय भुइयां उम्र 65 पिता स्वर्गीय टिवा भुईया की डूबने से मौत हो गई। शव को कब्जे में कर अंत्यपरीक्षण के लिये चतरा भेज दिया गया है।

### थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना परिसर में सोमवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर पुलिस अंचल निरीक्षक अवधेश सिंह व थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान के द्वारा जमीन विवाद से संबंधित कई मामलों की सुनवाई की गई। जिसमे कुल 9 मामलों में से 4 मामलों का निष्पादन किया गया। वहीं थाना प्रभारी अब्दुल्लाह खान ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देश पर लगातार थाना दिवस का आयोजन किया जाता है।

### ताड़ के पेड़ से गिरकर एक युवक घायल

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत डंडाडीह में सोमवार को ताड़ के पेड़ से गिरने से एक युवक घायल हो गया। वहीं घायल युवक की पहचान 23 वर्षीय मनीष चौधरी पिता बसंत चौधरी के रूप में हुई है। मिली जानकारी अनुसार युवक पेड़ पर चढ़ा था, जिसका संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया।

# चाल धंसने से दो की मौत, चार पर मामला दर्ज

## वन विभाग नहीं बरामद कर सका शव, शव निकाल ले भागे खनन माफिया

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** वन्य प्राणी आश्रयणी अंतर्गत सपहा (बिशुनपुर) जंगल स्थित गम्हारो पुराना अभ्रक माइंस में चाल धसने से हुई दो घ्व्यक्ति के मौत मामले में आश्रयणी के वन परिसर पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार की ओर से तिलैया थाने में चार लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया है। जिसमें प्रकाश यादव, रवि यादव दोनों बाराटोला निवासी के अलावा सुरेश साव बरियातू रांची व राजू यादव डोमचांच के नाम शामिल हैं। प्राथमिकी में प्रकाश यादव, रवि यादव व सुरेश साव को पेशेवर अपराधी बताया गया है। साथ ही इनके विरूद्ध अवैध उत्खनन को लेकर पूर्व में भी मामला दर्ज होने की बात कही गई है। वन परिसर पदाधिकारी की ओर से कहा गया है कि वहां संचालित अवैध ढिबरा खदान में दो व्यक्तियों के अवैध उत्खनन के दौरान चाल धंसने से दबे होने की सूचना पर वन विभाग के अन्य कर्मियों के साथ शनिवार शाम घटनास्थल पर पहुंचे। जहां पाया गया कि चाल धंसा हुआ है, मगर वहां कोई भी व्यक्ति नहीं मिला। रात व सुनसान रहने के कारण टीम वापस लौट आई। वहीं रविवार की सुबह दोबारा घटनास्थल पर पहुंचकर आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ किया गया। जिसमें पता चला कि चाल धंसने से दो व्यक्ति की मौत हुई है। मगर ग्रामीणों द्वारा मरने वाले किसी भी व्यक्ति का नाम नहीं बताया गया एवं शव भी बरामद नहीं किया जा सका। उल्लेखनीय है कि प्रतिबंधित वन क्षेत्र में संचालित ढिबरा के अवैध उत्खनन में शनिवार को दो लोगों के दबे होने की बात कही गई थी। जिसमें गिरिडीह जिले के तीसरी निवासी राजकुमार टूडू व सोमो हांसदा के नाम शामिल हैं। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अब तक नहीं की गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मलबे में दबे दोनों शवों को अवैध उत्खनन में शामिल माफियाओं द्वारा रात्रि में ही वहां से निकाल लिया गया था। वहीं मौके पर पहुंची टीम वहां से खाली हाथ लौटी।

### 78 लाख की लगत से 8 शेड का हुआ शिलान्यास

## मरकच्चो बाजार का बहुत जल्द होगा कायाकल्प : डीडीसी



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मरकच्चो बाजार का बहुत जल्द ही कायाकल्प होने वाला है। अब लोगों को गन्द्गी में बैठकर सामान बेचने व खरीदने से बहुत जल्द ही निजात मिलने वाली है। बताते चलें कि जर्जर शेड को देखते हुए लगभग 78 लाख की लगत से 8 शेड बनाया जायेगा। इसे लेकर सोमवार को मुख्य रूप से उपस्थित डीडीसी ऋतुराज, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, जिप सदस्य रीता देवी के द्वारा संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर व फीता काटकर शेड का शिलान्यास किया गया। वहीं डीडीसी ने कहा कि बहुत जल्द ही मरकच्चो बाजार की कायाकल्प हो जाएगा। लोग साफ सुथरे जगहों पर अपना अपना व्यपार कर सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जिला परिषद के डाक बंगला के आगे जमीन में भी दुकान बनाया जाएगा एवं स्थानीय लोगों को न्यूनतम लागत पर दुकान उपलब्ध कराया जायगा। उन्होंने उसी जमीन पर विवाह समारोह हॉल बनवाने की भी बात कही। जिसे स्थानीय लोगों को न्यूनतम लागत पर विवाह शादी समारोह के लिए मुहैया कराई जायेगी।

## लाखों रुपए ठगी करने का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता



**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डोंगोडीह में एक महिला एवं उसके पति के द्वारा ग्रामीण महिला को बहला-फुसलाकर एवं जाल साजी तरीके से लाखों रुपए की ठगी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। देवीपुर पंचायत के ग्राम कोठियार, पहारीडीह, गुरहा, डोंगोडीह, लालूडीह के सैकड़ों ग्रामीण महिला संगीता देवी, चंद्रिका देवी, जगिया देवी, बसंती देवी, रिंकी देवी, सोनमती देवी, मुन्नी देवी कलावती देवी, सुमा देवी दुलारी देवी, पूजा साव, मनीता देवी, राखी देवी समेत दर्जनों ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि चंद्रकला गुप्ता पति हेमराज गुप्ता तथा उसका बेटा एवं बेटी ग्राम डोंगोडीह, पोस्ट खेशमी, थाना नवलशाही के द्वारा हम सभी गांव की महिलाओं को पहले महिला ग्रुप में जोड़कर ग्रुप से 25-25 हजार की लाभ दिलाई। उसके बाद हम सब उसके चिकनी चिकनी बातों में आ गए और विभिन्न 10-12 प्राइवेट संस्था जो कोडरमा और डोमचांच में किसी निजी मकान में कार्यरत है। इनके कर्मचारी व मैनेजर के साथ साठ गांठ से अपने निजी निवास स्थान बुलाकर गांव के सैकड़ों भोली भाली महिलायों के नाम पर विभिन्न प्राइवेट संस्था से एक महिला के नाम पर दो या तीन लोन उठा लिया है। जबकि जो महिला स्वयं पैसा ली है, उसका किस्त आज भी दे रही है। वहीं ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि इसे लेकर हम एसपी कुमार गौरव को एक लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाएंगे कि जब तक चंद्रकला के द्वारा विभिन्न कंपनियों को पैसा नहीं दे दिया जाता है तब तक कंपनी के कर्मचारी हम लोगों को परेशान और भयभीत ना करें। हमलोग अशिक्षित महिलाएं चंद्रकला के साथ-साथ विभिन्न संस्था के मैनेजर के झांसे में आकर यह कार्य हो गया।

वहीं महिलाओं ने बताया कि बंधन बैंक, आशीर्वाद फाइनेंस, भारत फाइनेंस, अन्नपूर्णा फाइनेंस, येस पदना फाइनेंस, भाया बैंक, सेटिंग फाइनेंस, आरबीएल फाइनेंस, उत्कर्ष फाइनेंस, स्वतंत्र फाइनेंस, एक्सिस फाइनेंस, सिंदूज फाइनेंस आदि हैं। जिनका कार्यालय कोडरमा डोमचांच एवं राजधनवार में है।

## हाथी ने मचाया उत्पात, कई घर ध्वस्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** ढाब थाना क्षेत्र अंतर्गत बंगाखलार पंचायत के अहराय, लेवड़ा व नावाडीह गांव में रविवार की रात हाथी ने उत्पात मचाकर एक दर्जन घरों को ध्वस्त कर दिया। वहीं घरों में रखे अनाज को भी खा गया। इन दिनों हाथियों का एक झुंड जंगलों में विचरण करते देखा गया है। अपने झुंड से बिछड़े एक हाथी जंगल में बसे दर्जनों आदिवासी परिवार के घरों को तोड़ दिया। हाथी ने बुधन मरांडी अहराय, ढेना हांसदा, मन्नू हांसदा, तालो हांसदा, करमचंद हांसदा, उमेश हांसदा सभी नावाडीह निवासी, कुमार बासकी सुनील किस्कु, शुक्र हेमब्रम, लालजीत हांसदा, छोटो हांसदा, बासो हांसदा, अशोक बास्की सभी लेवड़ा निवासी का घर को ध्वस्त कर दिया। साथ ही प्राथमिक विद्यालय लेवड़ा का रसोई घर की दीवार को भी तोड़ दिया। हाथी के घुसने से यहां के लोग काफी डरा महसूस कर रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा नेता सुनील भारती पहुंचकर लोगों का हाल चाल जाना। वहीं ग्रामीणों द्वारा वन विभाग को सूचना दिया, जिसके बाद उक्त टीम ने हाथी को खदेड़ कर भगाया।

## एकादशी उद्यापन का आयोजन



**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत गडगी पंचायत के परसाबाद निवासी शशि भूषण शर्मा की मां के द्वारा एकादशी उद्यापन को लेकर यज्ञ का आयोजन किया गया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव शामिल होकर संयुक्त रूप से फीता काट कर उद्घाटन किया और कलश यात्रा का शुभारंभ किया। कलश यात्रा में 101 कन्याओं ने कलश उठाया और उत्तरवाहिनी बड़ानो नदी के लिए रवाना हुए, जहां योगाचार्य महेश पाण्डेय के द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ कलश में जल भरकर यज्ञ मंडप पहुंची।

## मनमानी करने वालों को बख्सा नहीं जाएगा: डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान ने चतरा सदर प्रखंड क्षेत्र के नरेश चौधरी नामक व्यक्ति के नाम से संचालित जनवितरण प्रणाली केंद्र (पीडीएस दुकान) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में लाभुकों द्वारा जानकारी दी गई की दुकानदार द्वारा राशन वितरण के समय कम अनाज दिया जाता है और राशन वितरण प्रक्रिया में अनियमित्ता बरती जाति है। इस संदर्भ में उपायुक्त ने उक्त मौके पर उपस्थित आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी और चतरा सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश रजक को संयुक्त जांच करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान जनवितरण केंद्र दुकान के बाहर सूचना पट्ट, लाभुकों की सूची लगा नहीं पाया गया। इसे लेकर उपायुक्त ने कहा यह नियम का उलंघन है ऐसे जनवितरण केंद्र दुकानदार के ऊपर नियमानुसार कार्रवाई करें। उन्होंने अपील किया की जिन लाभुकों का जनवितरण केंद्रों पे सूची है वहीं से वे अपना अनाज का उठाव करें एवं सही मूल्य सही वजन देख कर राशन लें। अगर जनवितरण दुकानदार द्वारा लाभुकों को ज्यादा मूल्य या कम अनाज दिया जाता है तो इसकी सूचना अविलंब आपूर्ति कार्यालय को दें। उन्होंने उक्त मौके पर उपस्थित आपूर्ति पदाधिकारी को कहा जिले भर में संचालित जनवितरण केंद्र का औचक निरीक्षण करते रहें और गरीबों के अनाज में कटौती करने वाले दुकानदारों को चिन्हित कर कार्यवाही करें। गरीब व असहाय राशनकार्ड धारकों के साथ मनमानी करने वालों को बख्सा नहीं जाएगा। उक्त मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी, चतरा प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश रजक समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय सलाहकार समिति गठन को बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में सोमवार जिला योजना अंतर्गत जिला स्तरीय सलाहकार समिति के गठन से संबंधित बैठक की गई। बैठक में ग्राम पंचायत स्तर पर वित्तीय समावेशन हेतु आकांक्षी जिला में किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। जिसमें मुख्यतः हैं प्रत्येक वयस्क के लिए बैंक खाते और प्रत्येक पात्र व्यक्ति के लिए बीमा, पेंशन योजना उपलब्ध कराना, मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, एसयूपीआई और केसीसी के कवरेज का विस्तार करना, एसएचजी सदस्यों को देश के एफआई इकोसिस्टम के दायरे में लाना, प्रत्येक गांव से 5 कि०मी० के भीतर बैंकिंग टच-प्वाइंट का कवरेज, वित्तीय/ डिजिटल जागरूकता पैदा करने हेतु अभियान के तहत जिले के प्रत्येक पंचायतों में शिविर आयोजित करना एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है।

## चोरी की बाईक के साथ दो चोर गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** जिले की प्रतापपुर थाना पुलिस ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए ईलाके में सक्रिय बाईक चोर गिरोह का खुलासा किया है। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर प्रतापपुर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी लव कुमार के नेतृत्व में गठित छापेमारी दल ने कार्रवाई करते हुए चोरी के टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल के साथ शंभू भारती और विजेंद्र भारती नामक दो चोरों को धर दबोचा है। चोरों की गिरफ्तारी प्रतापपुर थाना क्षेत्र के सीलदाहा बाजार से हुई है। गिरफ्तार दोनों चोर थाना क्षेत्र के ही तुंबीया गांव के रहने वाले हैं। पुलिस निरीक्षक लव कुमार ने बताया कि एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि 2 चोर चोरी के मोटरसाइकिल के साथ सीलदाहा बाजार में घूम रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए विशेष छापामारी दल का गठन कर अभियान चलाने का निर्देश प्राप्त हुआ था। अभियान के दौरान ही दोनों चोरों को चोरी के बाइक के साथ पकड़ा गया है। गिरफ्तार चोरों के पास से पुलिस ने चोरी की घटना में प्रयुक्त एक एंड्राइड मोबाइल व चोरी का बाईक भी जप्त किया है। गिरफ्तार चोरों ने पूछताछ के दौरान पुलिस को गिरोह में शामिल अन्य चोरों के नाम भी बताए हैं। जिसके आधार पर पुलिस गिरोह में शामिल अन्य फरार चोरों की गिरफ्तारी को ले सघन छापामारी अभियान चलाने में जुटी है। अभियान में प्रभारी थाना प्रभारी के अलावे सहायक अवर निरीक्षक बिरजू उरांव व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## एक नजर में

### श्रम मंत्री सत्यानन्द भोक्ता एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे पत्थलगड़ा

**पत्थलगड़ा।** श्रम मंत्री सत्यानन्द भोगता सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर पत्थलगड़ा पहुंचे। मंत्री सत्यानंद भोक्ता निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रखंड मुख्यालय में लाभुकों के बीच सरकार की महत्वकांक्षी योजना 'सोना सोबरन साड़ी धोती योजना' के तहत साड़ी धोती लुंगी सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना, छात्रवृत्ति योजना, वृद्धा विधवा दिव्यांग पेंशन, आवास आदि के स्वीकृति पत्र का वितरण किया। उसके बाद मंत्री सत्यानंद भोक्ता नावाडीह पहुंच कर नावाडीह चौक में हो रहे यज्ञ मंडप में जाकर लोगों से मुलाकात किया। उक्त कार्यक्रम के मौके पर पत्थलगड़ा जिला परिषद रामसेवक दांगी उर्फ भगत जी,राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, अनुमंडल पदाधिकारी सुधीर दास, 20सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विकाश यादव, प्रखंड प्रमुख मनीषा कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी मोनी कुमारी, सिंघानी मुखिया मुखिया राधिका देवी, बरवाडी पंचायत मुखिया संदीप कुमार सुमन उर्फ महेश दांगी, नावाडीह मुखिया कंचन देवी, सिंघानी पंचायत समिती मीना देवी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### मंत्री भोक्ता ने परिसंपत्ति का किया वितरण

**गिद्धौर।** प्रखंड सह अंचल परिसर सभागार में सोमवार को मंत्री सत्यानन्द भोगता लाभुकों के बीच सरकार की महत्वकांक्षी योजना सोना सोबरन साड़ी धोती योजना के तहत साड़ी धोती लुंगी के 31 लाभुक सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना के, 9 लाभुक छात्रवृत्ति योजना, वृद्धा विधवा दिव्यांग पेंशन के 20लाभुक प्रधानमंत्री आवास के 5 लाभुकों को मनरेगा जॉब कार्ड 10 लाभुकों को हरा राशन कार्ड 10 लाभुकों को स्वामी विवेकानंद निःशकता स्वावलंब प्रोत्साहन योजना के तहत 5 लाभुकों को जेएसएलपीएस के तहत तीन समूहों के बीच 600000 का डमी चेक एवं भूमि संरक्षण विभाग जेएसएलपीएस के तहत 2 लाभुकों को ट्रैक्टर दिया गया।व सभी को स्वीकृति पत्र का वितरण किए। मौके पर जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव अनुमंडल पदाधिकारी सुधीर दास 20सूत्री अध्यक्ष विनोद पासवान प्रमुख अनीता यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह, अंचल पदाधिकारी जय शंकर पाठक,थाना प्रभारी कन्हैया यादव, 20सुत्री उपाध्यक्ष रामदेव यादव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### चापाकल की मरम्मत हुई

**कान्हाचट्टी।** प्रखंड प्रमुख इंदु कुमारी ने पीएचईडी विभाग के सहयोग से विभिन्न गांवों में खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत कराई। उन्होंने प्रखंड के राजपुर भारतीय स्टेट बैंक के सामने खराब पड़े चापाकल समेत अन्य गांवों में पहुंचकर अपने देखरेख में खराब चापाकलों की मरम्मत कराया। इस क्रम में लगभग आधा दर्जन चापाकल मरम्मत किया गया। प्रमुख ने कही कि प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में चापाकल के खराब होने से पेयजल संकट उत्पन्न होने की समस्या जल्द ही निजात किया जाएगा। इसे लेकर पीएचईडी विभाग को निर्देश देकर इसकी मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। यह सिलसिला अभी जारी रहेगा। जल्द ही सभी पंचायतों में खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत करायी जाएगी।

### यज्ञ के आयोजन से क्षेत्र में आती है सुख, शांति और समृद्धिः बिरजू तिवारी

**चतरा।** जिले के हंटरगज प्रखंड अंतर्गत कटैया ग्राम मैं चल रहे सात दिवसीय रूद्र महायज्ञ के पांचवें दिन शामिल हुए जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी पूजा अर्चना कर लोक कल्याण के लिए प्रार्थना की। वही श्री तिवारी ने कहा कि यज्ञ के आयोजन से क्षेत्र में सुख, शांति एवं समृद्धि आती है। मौके पर यज्ञा आचार्य बलराम चंद्र महराज जी, महायज्ञ समिति अध्यक्ष शिवशंकर यादव,सचिव अशोक साहू, समाजसेवी सत्येन्द्र यादव, शंकर वर्मा, विकास वर्मा, अरविंद यादव, उपेन्द्र साहू, अजय दास जी, विनोद यादव, जितेंद्र रजक समेत अनेकों भक्तजन उपस्थित थे।

### आमजनों की समस्याओं से रूबरू हुए उपायुक्त

**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्य से अवगत हुए। जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गई एवं उसके निष्पादन हेतु उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। आज के जनता दरबार में जमीन पर गलत तरीके से एग्रीमेंट में चौहदी लिखवाकर जमीन को लुटने का प्रयास, जमीन नापी कर नक्शा, मेरे पैतृक जमीन को हथियाकर मकान निर्माण करने के संबंध समेत कई मामलों में आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने उनके समस्याओं के निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया।

### तीन शेड का हुआ शिलान्यास

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत पेठियाबागी में राजस्व प्राप्त हाट बाजार के सौंदर्यीकरण को लेकर जिला परिषद सदस्य मद से डीडीसी ऋतुराज, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, उपाध्यक्ष निर्मला देवी, जिप सदस्य प्रीति कुमारी ने संयुक्त रूप नारियल फोड़कर व फीता काटकर बाजार शेड का शिलान्यास किया। वहीं डीडीसी ने कहा कि आमजनों की अच्छी सुविधा हेतु जयनगर के लिए यह मुख्य बाजार बने, इसी के तर्ज पर जिला परिषद मद से एल शेप में तीन शेड का निर्माण किया जाएगा। वहीं नीचे पूरे बाजार में फेवर ब्लॉक लगाया जाएगा। इस दौरान उन्होंने संवेदक के रूप में चयनित एमएस सौरभ कुमार को कार्य के प्रति कोई लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया। मौके पर केदारनाथ यादव, चूरन खान, कुंदन गुप्ता, अजमेरी खातून, देवनारायण यादव, परवेज खान, कैलाश प्रसाद रजक, राजन गुप्ता, सरवर खान, राजेश कुमार साहू, शशि कुमार, बिपिन कुमार, बाबू ठाकुर, डिस्को, कौशल कुमार, निसार खान आदि मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत गौशाला रोड में छठ तालाब के समीप सोमवार को एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं मृतक की पहचान 34 वर्षीय दिलीप चौधरी पिता नागेश्वर चौधरी मडुआटांड निवासी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार शिव मंदिर से गौशाला की तरफ जाने के दौरान छठ तालाब के समीप घुमावदार सड़क के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर एक घर के दीवार से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मोटरसाइकिल की रफ्तार तेज होने से इस दुर्घटना में दिलीप चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घटना के बाद स्थानीय लोगों की सहायता से घायल के परिजन उसे इलाज के लिए शहर के एक निजी क्लीनिक ले गए। जहां से उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### सड़क विवाद का नौ फीट जमीन देने पर जमीन मालिक से लिखित सहमति

**भवनाथपुर।** प्रखंड के मुख्य पथ से ढेकुलिया जाने वाले सड़क के मुख्य पथ चेकनाका के समीप सड़क विवाद को लेकर थाना परिसर में सोमवार को थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय, जिला परिषद रजनी शर्मा, मुखिया बेबी देवी, बीडीसी चन्दन ठाकुर ने बैठक कर दोनों पक्षों के साथ विचार-विमर्श किया। बैठक में सड़क विवाद का नौ फीट जमीन देने पर जमीन मालिक रविशंकर कुमार से लिखित सहमति पर समझौता कराया गया। बताते चले कि ढेकुलिया जाने वाली सड़क के मुख्य पथ चेकनाका के पास सड़क विवाद को लेकर बीते 14 अप्रैल को जमीन मालिक व ग्रामीणों के साथ नोक झोंक के बाद मारपीट की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। जिसको लेकर जमीन मालिक के द्वारा बीते 25 मई को भवनाथपुर थाना में सात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिससे आक्रोशित सैकड़ो महिला पुरुष रविवार को थाना पहुंचकर आधा दर्जन लोगों ने रविशंकर के खिलाफ आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग करते हुए सड़क की समस्या निकालने का अनुरोध किया था।

